INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 **3rd Lang.**	**Department: Hindi**	**Date of submission:**
Worksheet No: 2	**Topic :** अर्थग्रहण	**Note:** **Pl. file in portfolio**

दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए |

पहाड़ी गाँवों में अक्सर बाघ का डर बना रहता है। जंगल कटने के कारण शिकार की तलाश में बाघ कभी-कभी गाँव तक पहुँच जाते थे । गेंवली गाँव में एक बार यही हुआ। एक बाघ ने गाँव में घुसकर एक गाय को मार डाला। सुबह होते ही यह खबर पूरे गाँव में फैल गई । गाँव के लोग डर गए कि यह बाघ कहीं फिर से आकर दूसरे पालतू जानवरों और किसी आदमी को ही अपना शिकार न बना ले। गाँव के लोग गोपाल आश्रम गए और उन लोगों ने मीरा बहन को अपनी चिंता बताई।

गाँव के लोगों ने अंत में तय किया कि बाघ को कैद कर लिया जाए। उसे कैद करने के लिए उन्होंने एक पिंजड़ा बनाया। पिंजड़े के अंदर एक बकरी बाँधी। योजना यह थी कि बकरी का मिमियाना सुनकर बाघ पिंजड़े की तरफ़ आएगा। पिंजड़े का दरवाजा इस प्रकार बनाया गया था कि बाघ के अंदर घुसते ही वह दरवाजा झटके से बंद हो जाए। शाम होने तक पिंजड़े को ऐसी जगह पर रख दिया गया जहाँ बाघ अक्सर दिखाई देता था। यह जगह मीरा बहन के गोपाल आश्रम से ज्यादा दूर नहीं थी। सुबह की रोशनी होते ही लोग पिंजड़ा देखने निकल पड़े। उन्होंने दूर से देखा कि पिंजड़े का दरवाजा बंद है। वे यह सोचकर बहुत खुश हुए कि बाघ जरूर पिंजड़े में फँस गया होगा लेकिन जब वे पिंजड़े के पास पहुँचे तो क्या देखते हैं पिंजड़े में बाघ नहीं था !

1. पहाड़ी गाँवों में अक्सर किसका का डर बना रहता है ?

भूत का   भेड़िये का   बाघ का   जंगली भैंसे का

2. शिकार की तलाश में बाघ कभी-कभी कहाँ तक पहुँच जाते थे ?

शहर तक गाँव तक जंगलों तक पहाड़ों तक

3. एक बाघ ने गाँव में घुसकर किसे मार डाला ?

बकरी को भेड़ को बच्चे को गाय को

4. गाँव के लोग कहाँ गए ?

गोपाल आश्रम अनाथ आश्रम

मोहन आश्रम वृद्ध आश्रम

5. किसने बाघ को कैद करने के लिए एक पिंजड़ा बनाया ?

शिकारी ने गाँव के लोगों ने

आश्रम के लोगों ने सैनिकों ने

6. पिंजड़े के अंदर किसे बाँधा गया ?

गाय को बंदर को बकरी को भेड़ को

7. लोग कब पिंजड़ा देखने निकल पड़े।

रात में दोपहर में

शाम में सुबह की रोशनी में

8. लोग पिंजड़े के पास पहुँचे तो उन्होंने क्या देखा ?

पिंजड़े में बाघ व बकरी दोनों थे

पिंजड़े में बाघ नहीं था

पिंजड़े में बकरी थी

पिंजड़े में एक आदमी था

●●●●●●●●●●●●●●